आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 06.07.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी की। कहा– राज्य सरकार के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आज जंगल सफारी पर्यटन को नई पहचान मिली है।
- मुख्यमंत्री ने उत्तरकाशी जिले में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर आपदा की स्थिति का जायजा लिया।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न हुई। आयोग को कुल 63 हजार 812 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं।
- और.... मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए रुद्रप्रयाग, देहरादून, टिहरी व बागेश्वर जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

कार्बेट नेशनल पार्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज रामनगर स्थित कॉर्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी के दौरान वन्य जीवन की अद्भुत और रोमांचकारी झलक का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि यह अनुभव न केवल प्रकृति की खूबसूरती को देखने का अवसर है, बल्कि जैव विविधता और प्रकृति की अनमोल विरासत से जुड़ने का भी अवसर है।

श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आज जंगल सफारी पर्यटन को नई पहचान मिली है। देश–विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक उत्तराखंड आ रहे हैं, जिससे राज्य की पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार और आजीविका के नए द्वार भी खुले हैं।

इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वन विभाग, स्थानीय समुदाय और पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से सामूहिक रूप से 1 हजार से अधिक पौधे रोपे गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महज पौधारोपण नहीं, बल्कि मातृत्व और प्रकृति के प्रति सम्मान का भावपूर्ण प्रतीक है।

इस दौरान श्री धामी ने विभाग की प्रतिबद्धता और समर्पण को राज्य की हरियाली व जैव विविधता के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

सहकारी समितियां

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सहकारी समितियों का देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। श्री शाह ने सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुजरात के आणंद में अमूल और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड–एनडीडीबी के विभिन्न विकास कार्यो का उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

श्री शाह ने कहा कि उत्पादन और अनाजों की बिक्री से संबंधित दो लाख नए प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां–पीएसीएस, सहकारिता विश्वविद्यालय और तीन सहकारी समितियां तथा डेयरी से संबंधित तीन सहकारी समितियां एक साथ देश के सहकारी आंदोलन को और सशक्त बनाएंगे।

हवाई सर्वेक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तरकाशी जिले में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर आपदा की स्थिति का जायजा लिया। सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री धामी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए राहत और बचाव कार्यों की फिर से समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा की इस घड़ी में प्रत्येक प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा राहत कार्यों में तेजी व प्रभावशीलता लाई गई है ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर मदद मिल सके। इस दौरान राज्य सभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव–1

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न हो गयी है। यह प्रक्रिया 2 जुलाई से शुरू होकर 5 जुलाई तक चली है। हरिद्वार को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में कुल 63 हजार 812 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं, जो जमीनी लोकतंत्र में जनता के भारी उत्साह को दर्शाता है।

प्राप्त कुल नामांकन पत्रों के अनुसार सदस्य, जिला पंचायत के 3 सौ 58 पदों के लिए कुल 1 हजार 907 नामांकन प्राप्त हुए। सदस्य, क्षेत्र पंचायत के 2 हजार 974 पदों के लिए कुल 11 हजार 629 नामांकन प्राप्त हुए। प्रधान, ग्राम पंचायत के 7 हजार 499 पदों के लिए कुल 22 हजार 28 नामांकन प्राप्त हुए। सदस्य, ग्राम पंचायत के 55 हजार 587 पदों के लिए कुल 28 हजार 248 नामांकन प्राप्त हुए।

अब कल से 09 जुलाई तक प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी। जबकि 11 जुलाई दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। देहरादून जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार जिले के सभी विकास खंडों में कुल 4 हजार 50 पदों के लिए 9 हजार 202 नामांकन पत्र बिके हैं और 3 हजार 113 नामांकन पत्र जमा भी हुए हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव–2

पौड़ी जिले में विभिन्न पदों के लिए 6 हजार 888 नामांकन दर्ज किए गए। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए टिहरी जिले में कुल 7 हजार 836 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

उधर, निर्वाचन आयोग भी पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटा है। टिहरी जिले की जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि आज जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

यूसीसी

प्रदेश में समान नागरिक संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन की हालिया समीक्षा रिपोर्ट में बागेश्वर जिले का प्रदर्शन अव्वल रहा है। समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर जिले में यूसीसी से संबंधित आवेदनों की स्वीकृति दर 95 फीसदी दर्ज की गई है। जबकि अस्वीकृति दर मात्र तीन फीसदी है, जिले में अपीलों की लंबित दर भी सबसे कम शून्य दशमलव शून्य सात फीसदी है। विवाह पंजीकरण में जिला अग्रणी रहा है और जिले में 56 फीसदी विवाहित जोड़ों का पंजीकरण हुआ है, जो राज्य में सबसे ज्यादा है। सरकारी कर्मचारियों में विवाह पंजीकरण की दर 99.69 फीसदी पहुंच गई है। जिले की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने संबंधित विभागों को बधाई देते हुए शत–प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने जिले के सभी पात्र नागरिकों से यूसीसी में अपना पंजीकरण कराने की अपील की है।

## मुहर्रम

देश के विभिन्न हिस्सों में आशूरा–ए–मुहर्रम श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह दिवस पैगम्बर मुहम्मद के नाती हज़रत इमाम हुसैन और उनके शागिर्दों की शहादत की याद में मनाया जाता है जो सच्चाई और इंसाफ के लिए करबला में शहीद हो गये थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि हज़रत इमाम हुसैन ने विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य पर अडिग रहने की प्रेरणा दी थी।

मौसम

राजधानी देहरादून में आज पूर दिन बादल छाए रहे, जबकि कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी की खबर है।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के लिए राज्य के ज्यादातर जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है। वहीं रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी व बागेश्वर जिलों में आज और कल के लिए भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उधर, पहाड़ी जिलों में बारिश और भूस्खलन के कारण लगातार अवरुद्ध हो रहे मार्गों को खोलने के प्रयास जारी हैं।

उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री हाईवे पिछले एक सप्ताह से सिलाई बैंड और औजरी के पास अवरुद्ध है। जिसके चलते यमुनोत्री मार्ग पर कई वाहन और यात्री फंसे हुए हैं। इस स्थान पर अब वैली ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है जिसे तैयार होने में चार से पांच दिन लग सकते हैं। वहीं, स्याना चट्टी में यमुना नदी पर बनी झील के किनारों से मलबा हटाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। 28 जून को देर रात सिलाई बैंड के पास भारी बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा वॉशआउट हो गया था।

संक्षिप्त समाचार–––

उत्तरकाशी पुलिस ने करीब 4 लाख से ज्यादा की अवैध शराब की 85 पेटियां बरामद की हैं। पंचायत चुनाव के दौरान अवैध शराब व अवांछनीय गतिविधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस की कार्रवाई जारी है।

उत्तरकाशी में यमुनोत्री पैदल मार्ग पर 9 कैंची के पास बीते 23 जून को हुए भूस्खलन में लापता दो यात्रियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस हादसे में दो लोगो के शव पहले ही बरामद किए जा चुके हैं।

देश भर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों के लिए हर वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए अभ्यर्थी 31 जुलाई तक awards.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।